दिन–गुरुवार दिनांक– 23/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

महागठबंधन ने राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस के चुनाव पर्यवेक्षक और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज पटना में आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की। इस अवसर पर महागठबंधन के सभी सातों घटक दल के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। श्री गहलोत ने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनाती है तो विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महागठबंधन ने अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया है, जबकि एनडीए में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस अवसर पर तेजस्वी प्रसाद यादव ने गठबंधन नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे महागठबंधन के सहयोगियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

---

भारतीय जनता पार्टी ने महागठबंधन की आलोचना की है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि महागठबंधन में जिस तेजस्वी प्रसाद यादव को अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है, उन पर लैंड फॉर जॉब मामले में आरोप तय हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण ही नीतीश कुमार महागठबंधन से अलग हुये। श्री प्रसाद ने कहा कि महागठबंधन के घटक दल राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष को चारा घोटाला मामले में बत्तीस साल की सजा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन का हर नेता अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने में लगा है। भाजपा नेता ने दावा किया कि बिहार के लोग इस बार महागठबंधन के झांसे में नहीं आने वाले हैं और उन्होंने पूरी तरह एनडीए को जीताने का मन बना लिया है।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए नामांकन वापसी का आज अंतिम दिन है। इस चरण के लिए दो हजार छह सौ से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। दूसरे चरण के तहत ग्यारह नवंबर को बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होना है।

---

विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज़ हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने औरंगाबाद के गोह में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि बिहार जंगलराज से मुक्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकास बनाम विनाश है। भाजपा विकास का वाहक है जबकि महागठबंधन विनाश का प्रतीक। श्री नड्डा ने केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये लोगों से एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की। श्री नड्डा वैशाली के पातेपुर में भी चुनावी रैली को संबोधति करेंगे। इधर, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सारण जिले के मकेर में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब से उन्होंने बिहार की सत्ता संभाली है, राज्य लगातार प्रगती पथ पर आगे बढ़ रहा है। इधर, महागठबंधन के विभिन्न घटक दल राजद, कांग्रेस, वीआईपी और वामपंथी दलों ने भी अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नमो एप के जरिये मेरा बूथ सबसे महबूत कार्यक्रम के तहत बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद को लेकर बहुत उत्सुक हैं। इससे पहले पन्द्रह अक्टूबर को भी श्री मोदी ने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया था। प्रधानमंत्री का कल समस्तीपुर और बेगूसराय में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है।

———————————————————————

भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाए जाने वाले भाई दूज को यम द्वितीया भी कहते हैं। यह पर्व भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है और बहनें अपने भाई की खुशहाली की कामना करती हैं। इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पूरे विधि–विधान के साथ चित्रगुप्त पूजा की जा रही है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।